डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

सा.अ.16/14/बी.एस./पी.एन./ 22 दिसंबर 2022

प्रेस विज्ञप्ति
साहित्य अकादेमी भाषा सम्मान 2022

साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर कंबार की अध्यक्षता में रवीन्द्र भवन, नई दिल्ली में बृहस्पतिवार, 22 दिसंबर 2022 को आयोजित अकादेमी के कार्यकारी मंडल की बैठक में वर्ष 2022 के लिए पूर्वी क्षेत्र से कालजयी और मध्यकालीन साहित्य में बहुमूल्य योगदान हेतु डॉ. उदय नाथ झा को साहित्य अकादेमी भाषा सम्मान हेतु अनुमोदित किया गया।

भाषा सम्मान से सम्मानित विद्वान को साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष द्वारा बाद में आयोजित एक विशेष समारोह में पुरस्कार स्वरूप रुपये 1,00,000/– की राशि, उत्कीर्ण ताम्रफलक और प्रशस्ति–पत्र प्रदान किए जाएँगे।

भाषा सम्मान विजेता का संक्षिप्त परिचय और निर्णायक समिति के सदस्यों के नाम, जिनके निर्णय पर भाषा सम्मान की घोषणा की गई थी, निम्नलिखित हैं :

कालजयी और मध्यकालीन साहित्य

पूर्वी क्षेत्र (2022)
डॉ. उदय नाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, पुरी, ओडिशा के साहित्य विभाग के प्रमुख एवं प्रोफ़ेसर हैं। उन्हे हिंदी, मैथिली, संस्कृत, अंग्रेज़ी, बाङ्ला, असमिया, ओडिआ, भोजपुरी और गुजराती भाषा के ज्ञाता हैं। उन्होंने 26 पुस्तकें मैथिली, हिंदी और संस्कृत मे लिखी हैं और 27 पुस्तकों का संपादन और अनुवाद किया है। उनके 471 लेख, कहानियाँ, शोध–पत्र और निबंध आदि विभिन्न प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। उनका कालजयी और मध्यकालीन साहित्य में बहुमूल्य योगदान है।

निर्णायक सदस्य : प्रो. कृष्ण भट्टाचार्य, प्रो. चुङ्खम यशवंत सिंह और प्रो. शशि नाथ झा।

प्रकाशन/प्रसारण हेतु जारी।

(के. श्रीनिवासराव)

रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone: +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax +91-11-2338 2428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website: http//www.sahitya-akademi.gov.in